आकाशवाणी

क्षेत्रीय समाचार एकांश

देहरादून (उत्तराखण्ड)

रविवार 22.02.2026

समय 1305

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि ‘मन की बात’ देश और देशवासियों की उपलब्धियों को सामने लाने का एक सशक्त मंच बन गया है।
- श्री मोदी ने डिजिटल अरेस्ट के विषय में बोलते हुए आम जन से सतर्क रहने और ठगों के झांसे में न आने की अपील की।
- 9 मार्च से शुरू होने जा रहे बजट सत्र को लेकर तैयारियां तेज, विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूरी ने समीक्षा बैठक ली।
- आईसीसी टी–20 क्रिकेट विश्व कप के सुपर आठ में आज शाम अहमदाबाद में भारत का सामना दक्षिण अफ्रीका से।

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि ‘मन की बात’ देश और देशवासियों की उपलब्धियों को सामने लाने का एक सशक्त मंच बन गया है। आकाशवाणी पर प्रसारित ‘मन की बात’ कार्यक्रम में राष्ट्र को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि देश ने ऐसी ही एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हाल ही में नई दिल्ली में आयोजित ग्लोबल एआई इम्पैक्ट समिट के दौरान देखी।

डिजिटल अरेस्ट के विषय में बोलते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि ‘मन की बात’ में इस मुद्दे को उठाने के बाद समाज में डिजिटल अरेस्ट और डिजिटल धोखाधड़ी को लेकर काफी जागरूकता बढ़ी है। हालांकि उन्होंने चिंता जताई कि ऐसी घटनाएं अभी भी हो रही हैं और इसे अक्षम्य बताया।

प्रधानमंत्री ने सभी से सतर्क रहने और ऐसे ठगों के झांसे में न आने की अपील की। उन्होंने जोर देकर कहा कि केवाईसी या पुनः केवाईसी केवल बैंक शाखा, आधिकारिक ऐप या अधिकृत माध्यम से ही करानी चाहिए।

बजट सत्र

9 मार्च से शुरू होने जा रहे विधानसभा के बजट सत्र को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूरी ने अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक कर सुरक्षा व्यवस्था और अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। बैठक में गैरसैंण के भराड़ीसैंण स्थित विधानसभा परिसर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम, विधायकों और अधिकारियों के आवास, परिवहन, चिकित्सा सुविधा और तकनीकी व्यवस्थाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

अध्यक्ष ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सत्र के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो और सभी व्यवस्थाएं समय से पहले सुनिश्चित कर ली जाएं। आपको बता दें कि विधानसभा का बजट सत्र 9 से 13 मार्च तक गैरसैंण के भराड़ीसैंण में आयोजित किया जाएगा। अब तक 38 विधायकों की ओर से कुल 563 प्रश्न प्राप्त हो चुके हैं, जिन पर सत्र के दौरान चर्चा होगी।

'जनता मिलन' कार्यक्रम

पौड़ी जिले में प्रशासन ने जन समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए प्रत्येक सोमवार को 'जनता मिलन' कार्यक्रम आयोजित करने का फैसला लिया है। जो कि सोमवार को पूर्वाह्न 11:30 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में ' आयोजित होगा। जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार जनसमस्याओं को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करते हुए यह व्यवस्था लागू की गई है। उन्होंने कहा कि आमजन को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए विभिन्न कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें, इसके लिए सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों की अनिवार्य उपस्थिति सुनिश्चित की गई है। इस पहल के माध्यम से प्रशासन आमजन से प्रत्यक्ष संवाद स्थापित कर उनकी शिकायतों का त्वरित निवारण सुनिश्चित करेगा।

चंपावत

चम्पावत जिले के टनकपुर में आयोजित चम्पावत सरस कॉर्बेट महोत्सव–2026 के तहत एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिला प्रशासन और जिला सेवायोजन कार्यालय की पहल पर आयोजित इस मेले में निजी क्षेत्र की 18 कंपनियों ने भाग लिया, जिसमें सैकड़ों युवाओं ने पंजीकरण कर साक्षात्कार दिया, जिनमें से बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों का मौके पर ही चयन किया गया। टनकपुर में 18 से 24 फरवरी तक चल रहे चम्पावत सरस कॉर्बेट महोत्सव के दौरान आयोजित रोजगार मेले में युवाओं का उत्साह देखने लायक रहा। विनिर्माण इकाइयों, ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, हेल्थकेयर, फूड प्रोसेसिंग, सर्विस सेक्टर और बैंकिंग क्षेत्र से जुड़ी 18 प्रतिष्ठित कंपनियों ने प्रतिभाग किया। मेले में कुल 389 अभ्यर्थियों ने साक्षात्कार दिया, जिनमें से 298 युवाओं का चयन विभिन्न कंपनियों में किया गया।

विदेशी मुद्रा भंडार

भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 13 फरवरी को समाप्त हुए सप्ताह के दौरान आठ दशमलव छह छह तीन अरब डॉलर बढ़कर अब तक के उच्च स्तर पर पहुंचकर सात सौ पच्चीस दशमलव सात दो सात अरब डॉलर पर पहुंच गया।

भारतीय रिज़र्व बैंक के अनुसार, विदेशी मुद्रा भंडार के एक प्रमुख घटक, स्वर्ण भंडार का मूल्य चार दशमलव नौ नौ अरब डॉलर बढ़कर एक सौ 28 दशमलव चार छह छह अरब डॉलर हो गया।

आईसीसी टी–20

आईसीसी टी–20 क्रिकेट विश्व कप के सुपर 8 में भारत आज भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच मुकाबला होगा। मैच शाम 7 बजे से अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में खेला जायेगा। भारतीय टीम सभी चार मैच जीतकर अपने ग्रुप में शीर्ष पर है। कल न्यूजीलैंड और पाकिस्तान के बीच सुपर 8 का पहला मुकाबला कोलंबो में बारिश के कारण रद्द हो गया। दोनों टीमों को एक–एक अंक मिला।